प्रादेशिक समाचार
दिनांक–20.01.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय रिटर्निंग अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने उनके नाम की औपचारिक घोषणा की। अध्यक्ष पद की शपथ लेने के बाद श्री नबीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना प्रेरणास्रोत बताया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारा नेतृत्व परंपरा से चलता है, अनुभव से समृद्ध होता है और जन सेवा, राष्ट्र सेवा भाव से संगठन आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जहां प्रधानमंत्री भी एक कार्यकर्ता ही है।

****

दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के प्रतिनिधिमंडल ने टेक महिंद्रा के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। कंपनी ने झारखंड में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा सेंटर और इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में निवेश का प्रस्ताव दिया है। झारखंड के ऊर्जा–सरप्लस राज्य बनने की संभावना को देखते हुए टेक महिंद्रा अंडरग्राउंड एनर्जी स्टोरेज और उन्नत ऊर्जा समाधानों पर सहयोग करेगी। इसके अतिरिक्त कंपनी राज्य के प्रस्तावित आईटी पार्क के लिए रणनीतिक भागीदार बनने और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित करने की इच्छुक है, जिससे स्थानीय युवाओं को वैश्विक स्तर पर रोजगार मिलेगा।

****

राज्य में अवैध पत्थर खनन की सीबीआई जांच पर सियासत तेज है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भ्रष्टाचार और अराजकता फैलाने का आरोप लगाया है। श्री मरांडी का दावा है कि जांच से बौखलाया झामुमो ढुलाई रोककर गुंडागर्दी कर रहा है, जिससे राज्य में निवेश का माहौल बिगड़ रहा है।

****

हजारीबाग के बड़कागांव में आज निजी कोल ब्लॉक के लिए आयोजित जनसुनवाई में भारी हंगामा हुआ। जमीन अधिग्रहण का विरोध कर रहे सैकड़ों ग्रामीण पारंपरिक हथियारों के साथ पहुंचे और टेंट–कुर्सियां तोड़ दीं। ग्रामीणों के कड़े विरोध के बीच पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया और स्थिति तनावपूर्ण बनी रही।

****

आकाशवाणी रांची में आज मिशन कर्मयोगी के तहत राष्ट्रीय कर्मयोगी कार्यक्रम के द्वितीय बैच के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण में अधिकारियों और कर्मचारियों ने क्षमता निर्माण और कार्यसंस्कृति में सुधार के गुर सीखे। इसका मुख्य उद्देश्य जनसेवा को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाना है।

****

हजारीबाग पुलिस ने कुख्यात राहुल दुबे गैंग की बड़ी साजिश नाकाम करते हुए गिरोह के सदस्य राजदीप साव और मुनिका कुमारी को गिरफ्तार किया है। बड़कागांव के एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि इनके पास से कार्बाइन, देशी पिस्टल, गोलियां और एके–47 व एसएलआर के मैगजीन बरामद हुए हैं।

****

पूर्वी सिंहभूम में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला प्रशासन और परिवहन विभाग जागरूकता अभियान चला रहा है। इस सिलसिले में जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय राय के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय कुमार ने बताया कि इन प्रयासों से सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु दर में कमी आई है।

****

चतरा जिले में कैंसर के बढ़ते मामले चिंताजनक हैं। मार्च से दिसंबर 2025 के बीच 128 नए मरीज चिन्हित किए गए, जिन्होंने मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत आवेदन दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से शरीर में गांठ या असामान्य रक्तस्राव जैसे लक्षणों को गंभीरता से लेने की अपील की है।

****

रांची–टाटा रोड पर आज तड़के नवाडीह गांव के पास एक खड़े ट्रेलर से हाइवा की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में हाइवा चालक बुधन लाल उरांव की दबने से मौत हो गई। ट्रेलर ब्रेकडाउन के कारण खड़ा था। क्रेन की मदद से घंटों मशक्कत के बाद शव निकाला गया।

****

धनबाद के शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम में इस बार गणतंत्र दिवस समारोह खास होगा, जहां हथियारों की प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण होगी। उपायुक्त ने सभी सरकारी संस्थानों में साफ–सफाई और विद्युत सज्जा के निर्देश दिए हैं। परेड का पूर्वाभ्यास शुरू हो चुका है और 24 जनवरी को अंतिम निरीक्षण किया जाएगा।

*********समाप्त*********